राजस्थान सरकार

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी पदेन सहायक कलक्टर करेडा जिला–भीलवाडा

पीठासीन अधिकारी :– नारायणलाल जीनगर आर०ए०एस०

मुकदमा संख्या :– 252/23

1. श्रीमती गणेशीदेवी पत्नि मांगीलाल जाति गुर्जर निवासी टोकरा तहसील करेड़ा जिला:- भीलवाड़ा। प्रार्थी........

बनाम

1. राज्य सरकार जरिये तहसीलदार करेडा, जिला:- भीलवाडा विपक्षीगण.

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 रा०भू०रा०अधि० 1956

:: आदेश :: दिनांक 15/5/23

प्रार्थी की ओर से एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 रा०भू०राज०अधि० 1956 के तहत प्रस्तुत कर निवेदन किया कि ग्राम छापड़ा [?] पटवार हल्का धाकरा [?] तहसील करेड़ा में उसके खाते/संयुक्त खातों की खाता संख्या 191 आराजी नम्बर 1103, 1105, 1106, 1107, 1108, 1109, 1110, 1111, ... कुलकिता 08 रकबा 2.4533 हैक्टेयर भूमि स्थित है। वादग्रस्त भूमि के विपक्षीगण के मध्य आराजी मुतदाविया के सीमा चिन्ह नही होने से आये दिन सीमा सबंधी विवाद उत्पन्न होता रहता है। जिसमें प्रार्थी अपने खाते/ संयुक्त खातें की भूमि की पत्थरगढी के आदेश प्रदान कराये जावे।

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में दिनांक 13/5/23 को पंजीबद्व किया जाकर प्रकरण को अवलोकनार्थ से यह बात सिद्व है कि वादग्रस्त भूमि प्रार्थी के खाते एंव कब्जे काश्त की होने से पत्थरगढी कराने का अधिकारी है। वैसे भी इस प्रकार के आदेश से अधिकार अभिलेख में किसी प्रकार की हैरा–फैरी होने का अंदेशा नही है तथा न किसी प्रकार अधिकार निर्धारित किये जाते है। अतः इनत तथ्यों का देखते हुये नैसर्गिक की न्यायिक सिद्वान्त के आधार पर आवेदन पत्र प्रार्थी स्वीकार योग्य है।

:: आदेश::

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र धारा 111–128 लैण्ड रेवेन्यू एक्ट 1956 का स्वीकार किया जाकर ग्राम छापड़ा [?] .... पटवार हल्का धाकरा [?] तहसील करेड़ा में स्थित खाता संख्या 191 आराजी नम्बर 1103, 1105, 1106, 1107, 1108, 1109, 1110, 1111 .... कुलकिता 08 रकबा 2.4533 हैक्टेयर भूमि के चारों तरफ सीमा की पुख्ता जानकारी किये ज़ाने हेतु पत्थरगढी किये जाने हेतु भू– अभिलेख निरीक्षक खानगढ़ [?] को 1300 /– रुपये कमिश्नर फीस पर कमिश्नर नियुक्त किया जाता है। कमिश्नर फीस प्रार्थीगण मौके पर जमा करावे। कमिश्नर फीस जमा होने पर पक्षकारान की मौजूदगी में मौंके व कब्जे की यथास्थिति को बनायें रखते हुये मुस्तकील बिन्दु को आधार मानकर पत्थरगढी की जावें। फसल खड़ी होने पर पत्थरगढी नही की जावे।

Signature Not Verified

Digitally signed by Narayan Lal Jingar
Date: 2023.08.12 14:58:41 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
करेड़ा जिला भीलवाड़ा

सहायक कलक्टर करेड़ा

संलग्नः– प्रार्थना पत्र की प्रतिलिपि

प्रतिलिपि :– तहसीलदार करेड़ा को भेजकर लेख है कि प्रार्थी द्वारा राशि जमा कराने पर नियमानुसार पत्थरगढी की जाकर पालना रिपोर्ट 07 दिवस में प्रस्तुत करे।

उपखण्ड अधिकारी
करेड़ा जिला भीलवाड़ा

उपखंड अधिकारी एवं
सहायक कलक्टर करेड़ा